भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 01.07.2025

# वित्त वर्ष 2025-26 के प्रथम तीन माह में आरेडिका ने किया सर्वोत्तम प्रदर्शन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तीन महीनों में **कुल 429 कोचों** का सफलतापूर्वक निर्माण किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के **385 कोचों की तुलना में 44 कोच अधिक** है।

उत्पादित 429 कोचों में **'दीन दयालु' श्रेणी के सर्वाधिक 111 कोच, 83 स्लीपर कोच, 36 एसी-3 टियर कोच** एवं **10 एसी-2 टियर कोच** शामिल हैं।

महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आरेडिका ने बीते दो वर्षों से उत्पादन वृद्धि की सतत वृद्धि बनाए रखा है और चालू वर्ष में भी यह रफ्तार लगातार जारी है।

आरेडिका ने अपनी स्थापना से **जून 2025 में 14,000वें कोच के उत्पादन** का महत्वपूर्ण आंकड़ा भी पार किया है, जो कारखाने के इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि है।

**<u>व्हील उत्पादन में भी अभी तक का बेहतर प्रदर्शन:</u>**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले तीन महीनों में आरेडिका ने **15,088 फोर्ज्ड व्हीलों** का उत्पादन किया, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के **6,898 पहियों की तुलना में 119% अधिक** है।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि *"हम कोच निर्माण के साथ-साथ फोर्ज्ड व्हील उत्पादन में भी लगातार योजनाबद्ध तरीके से वृद्धि कर रहे हैं। इस वर्ष का हमारा लक्ष्य **50,000 से अधिक व्हीलों** एवं 2,700 **से अधिक कोचों** का उत्पादन करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आरेडिका का प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदा कर्मी पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।"*

महाप्रबंधक महोदय ने इस **उत्कृष्ट कोच एवं व्हील उत्पादन उपलब्धि** के लिए पूरी टीम को बधाई दी और आगे भी इसी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

01/7/2025
(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी